दिनांक 24.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

सभी वर्ग के जरुरतमंद महिलाओं को मिलेगा पेंशन योजना का लाभ

भिलाईनगर/ आज हुडको में 4.50 करोड़ योजना का रोड डामरीकरण के भूमिपूजन एवं रोड निर्माण की शुरुआत करने के दौरान छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने घोषणा की कि छ.ग. के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा केबिनेट में यह निर्णय लिया गया कि छ.ग. के सभी वर्ग की महिलाओं को पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए अब बी.पी.एल. कार्ड की आवश्यकता नहीं होगी। छ.ग. शासन ने सभी वर्ग की महिलाओं की आवश्यकताओं को देखते हुए 1 अप्रैल से यह योजना लागु कर रही है जिसमें विधवा, परित्यक्ता, वृद्ध, महिलाएं शामिल होंगी। पहले किसी भी प्रकार की शासकीय योजना का लाभ लेने के लिए गरीबी रेखा कार्ड की आवश्यकता पड़ती थी बहुत सारी जरुरतमंद महिलाएं जीविकोपार्जन के लिए परेशान होती थी। हुडको वासियों की बहुत लंबे समय से मांग थी कि पुरानी सड़को का संधारण कर व्यवस्थित किया जाये। वार्ड 69 में प्रस्तावित डामरीकरण का कार्य छ.ग. शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग क्र. 12, 19, 09, 14, 11 एवं वार्ड 70 में मार्ग क्र. 19, 15, में कार्य किया जायेगा जिसे निर्धारित तय सीमा में पुरा किया जायेगा। नगर निगम भिलाई के खुर्सीपार जोन के बहुत सारे जनकल्याणकारी योजनाओं का भूमिपूजन मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, वार्ड पार्षद दिनेश यादव, रिंकू राजेश प्रसाद, छोटेलाल चौधरी, शिवप्रकाश शिबू, विधायक प्रतिनिधि संजय दानी, लल्लन मिश्रा, एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक, नगर निगम भिलाई एवं पीडब्ल्युडी के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जन सम्पर्क विभाग